तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026



12 कांग्रेस की मंडल स्तरीय पदयात्रा से संगठन ...





12 धान उठाव नहीं होने से किसान परेशान...






## खबर संक्षेप

### यौन उत्पीड़न पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**कांकेर।** कार्य स्थल पर महिलाओं का लैंगित उत्पीड़न अधिनियम 2013 के अंतर्गत जन जागरूकता के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रतिशक्षण संस्थान कांकेर के छात्र-छात्राओं और प्राथमिक विद्यालय में प्रशिक्षणरत शिक्षकों को कार्य स्थल पर महिलाओं का लैंगिग उत्पीड़न अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई। इसी प्रकार तहसील कार्यालय कांकेर के पास नुक्कड़-नाटक के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम एवं प्रचार-प्रसार किया गया।

### रोजगार मेला का 29 से 31 जनवरी तक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के द्वारा 29 से 31 जनवरी तक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी लगभग 15 हजार पदों पर चयन के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय रोजगार मेला के लिए कांकेर जिले के लगभग 1710 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका हैं।

### हादसा : राष्ट्रीय राजमार्ग 30 एक्सीडेंट के बाद कई घंटों तक रहा जाम

# रतेसरा में भीषण सड़क हादसा, आमने-सामने भिड़े दो बेकाबू ट्रक व तीन की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के चारामा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रतेसरा में 22 जनवरी की तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार से दौड़ रही दो भारी ट्रकों की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दोनों ट्रकों के चालक और एक हेल्पर शामिल हैं। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद दोनों ट्रक एक-दूसरे में बुरी तरह फंस गए और लकड़ी से भरे लट्ठे सड़क पर दूर तक बिखर गए।

- हादसे में दोनों ट्रक एक-दूसरे में बुरी तरह फंसे और लट्ठे सड़क पर दूर तक बिखरे

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 22 जनवरी की सुबह करीब 4 बजे के बीच यह हादसा ग्राम रतेसरा मेन रोड के पास हुआ। एक ट्रक जगदलपुर से रायपुर की ओर लकड़ी लेकर जा रहा था, जबकि दूसरा ट्रक रायपुर की ओर से कांकेर की तरफ खाली लौट रहा था। दोनों वाहनों की रफ्तार काफी तेज बताई जा रही है। आमने-सामने की टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रक चिपक गए और यह समझना भी मुश्किल हो गया कि अंदर कितने लोग फंसे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही चारामा पुलिस और यातायात टीम मौके पर ▶▶| शेष पेज 10 पर





### तेज रफ्तार बनी मौत की वजह

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तेज रफ्तार और लापरवाही इस हादसे की मुख्य वजह रही। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दुर्घटना के समय किस वाहन की गलती अधिक थी। सुबह के समय भारी वाहनों की तेज रफ्तार न सिर्फ चालकों के लिए, बल्कि अन्य राहगीरों के लिए भी जानलेवा साबित हो रही है।

### परिजनों में मचा कोहराम

वाहनों में मिले दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही परिजन चारामा अस्पताल पहुंचे, जहां उनकी उपस्थिति में पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतकों के गांवों में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग 30 कई घंटे जाम रहा

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में सुबह 4 बजे हुई सड़क दुर्घटना के बाद वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई और सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया था। हाईवे पेट्रोलिंग और चारामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालने में जुट गई। जेसीबी एवं अन्य भारी मशीनों की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रकों को सड़क से हटाने का कार्य किया गया।

### दो दिन पहले हुई थी दुर्घटना

विदित हो कि इसी स्थान पर दो दिन पूर्व भी एक युवक की कार की चपेट में आने से मौत हो चुकी है, जिससे इस क्षेत्र को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और सड़क दुर्घटनाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह स्थल ऐसा है, जहाँ लगातार सड़क दुर्घटनाएं लगातार होती रहती है।

### दोनों पक्षों ने दर्ज कराई शिकायत

इस मामले में दोनों ट्रकों की ओर से अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई गई है। तीस वर्षीय सत्य सरोज सागर साहू निवासी मरदा, हाल गुढियारी रायपुर ने चारामा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके वाहन के चालक होरी लाल साहू और हेल्पर अजय साहू की मौत सामने से आ रहे ट्रक चालक की तेज और लापरवाहीपूर्वक ड्राइविंग के कारण हुई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने धारा 281 और 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। दूसरी ओर से मृतक इन्द्रजीत सिंह की पत्नी 32 वर्षीय नेहा कौर निवासी दंतेश्वरी वार्ड जगदलपुर ने भी पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने बताया कि उनके पति इन्द्रजीत सिंह ट्रक चला रहे थे और हादसे से कुछ घंटे पहले परिवार से फोन पर बात हुई थी। सुबह ट्रक मालिक से फोन पर हादसे की जानकारी मिली। अस्पताल में देखने पर पति के सिर, आंख, गले, हाथ-पैर में गंभीर चोटें थीं, जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। इस शिकायत पर भी पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## धान खरीदी केंद्र कोरर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**धनेलीकन्हार।** धान खरीदी क्रेंद्र का 21 जनवरी को कलेक्टर ने निरीक्षण किया। कलेक्टर निलेश महादेव क्षिरसागर ने निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्र में उपस्थित किसानों से धान तौलाई एवं भुगतान के संबंध में जानकारी ली गई। लैम्प्स प्रबंधक महेंद्र टांडिया से केंद्र में आवश्यक व्यवस्था की जाने वाली सामग्री तथा किसानों की टोकन एवं आज तक की खरीदी और ▶▶| शेष पेज 10 पर



## कांकेर में गूंजा जय श्रीराम, आस्था और सेवा का बना अनुपम संगम

**कांकेर।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर कांकेर नगर धर्म, आस्था और सामाजिक एकता के अद्भुत रंग में रंगा नजर आया। इस शुभ दिन पर नगर में भक्तिभाव और उल्लास का ऐसा वातावरण बना, जिसने हर श्रद्धालु के मन को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक समितियों के संयुक्त तत्वावधान में भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान श्रीराम के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे क्षेत्र में जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बन गया। श्रद्धालुओं के चेहरों पर भक्ति, संतोष और उत्साह साफ झलक रहा था। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न समितियों के सदस्यों के साथ-साथ नगर के निजी व्यवसायियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका ▶▶| शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप



### चाकू दिखाकर धमकाते दो युवकों को पुलिस ने घेराबंदी करके दबोचा

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत ग्राम साल्हेटोला चौक के पास रोड में चलने वाले व्यक्तियों के साथ गाली गलौज करने व चाकू से डराने धमकाने वाले दो युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा व विभिन्न धाराओं समेत आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

दुधावा चौकी पुलिस को 21 जनवरी को जानकारी मिला कि कुछ लोग साल्हेटोला चौक के पास राहगिरी के साथ बत्तमिजि व अभद्र व्यवहार कर रहें है। मिली जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 21 जनवरी को शाम सवा 4 बजें ग्राम साल्हेटोला चौक के पास दबिस दिया। मौके पर आरोपी शीतलापारा साल्हेटोला निवासी 21 वर्षीय उमाकांत उर्फ पप्पू मरकाम पिता चम्मन सिंह, शीतलापारा साल्हेटोला निवासी 21 वर्षीय कमल किशोर भास्कर पिता हनेसिंह भास्कर द्वारा राह में चलने वाले लोगों से गाली गलौज करते हुए शराब पीने के लिए पैसा मांगते हुए चाकू लेकर लहराते हुए आम लोगों को डरा धमका रहा था। वहां पर मौजूद मनोज मरकाम व रामलखन जाटव ने बताया कि दो व्यक्ति चाकू लेकर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हम दोनो से मारपीट किया है। आरोपी उमाकांत उर्फ पप्पू मरकाम व कमलकिशोर भास्कर, जिसमें उमाकांत उर्फ पप्पू मरकाम अपने हाथ में धारदार हथियार चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहा था। उसे पकड़ने की कोशिश करने पर भागने लगा, जिसे घेरा बंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों के हाथ से धारदार चाकू को जप्त किया गया। दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2), 3 (5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### विकसित भारत जी राम जी योजना पर हुई मंडल स्तरीय कार्यशाला व सम्मेलन



**चारामा।** भारतीय जनता पार्टी चारामा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 22 जनवरी गुरुवार को दोपहर 3 बजे भाजपा कार्यलय अटल समस्त भवन चारामा में नए रोजगार गारंटी कानून वीबी जी राम जी पर जिला स्तरीय कार्यशाला व सम्मेलन आहूत की गई थी। मुख्य वक्ता ने विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत साल में 125 दिन की रोजगार की गारंटी, ग्रामीणों को समय में भुगतान सहित अनेक विषयों पर अपने उद्बोधन में बताया।

### वार्षिकोत्सव के मनमोहक नृत्य पर दिखी विद्यालय प्रबंधन की मेहनत

**अंतागढ़।** अंतागढ़ के स्कूल प्रांगण में मंगलवार कि शाम को सेंट मैरी स्कूल में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, शिक्षा और भारतीय संस्कृति पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस वार्षिक उत्सव की तैयारी पिछले एक सप्ताह के पूर्व से की जा रही थी, जिसे लेकर स्कूली छात्र छात्राओं में ख़ास कर छोटे बच्चों में काफी उत्साह देखा जा रहा था वार्षिक उत्सव के अवसर स्कूल पूरी तरह से सजाया गया था वही स्कूल के स्टॉप के द्वारा बच्चों को नृत्य सीखने में खूब मेहनत किया। कार्यक्रम कि शुरुआत प्रेरणादायक गीतों से हुई, जिन पर तालियों से गूंज उठा। नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया। वार्षिकोत्सव में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूट्यूबर एवं छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता नितिन देशमुख, अध्यक्षता बिशप जोसेफ, विशिष्ट अतिथि फादर मनीष, संतोष उपस्थित रहें। अतिथियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सराहना किया।

# स्कूल जाने के लिए विद्यार्थियों को नाले और नदी पार कर तय करनी पड़ती है लंबी दूरी

## सरोना के ग्राम भरीपारा में सड़क जर्जर, 75 साल में नहीं बनी पक्की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना

कांकेर जिले के तहसील सरोना अंतर्गत ग्राम भरीपारा में सड़क की गंभीर समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा ग्रामवासियों से चर्चा की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी वर्षों पुरानी समस्या को पार्टी पदाधिकारियों के सामने रखा। ग्रामीणों का कहना है कि आज़ादी के 75-76 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक उनके गांव तक पक्की सड़क नहीं पहुंच पाई है, जिससे रोजमर्रा की ज़िंदगी बेहद कठिन हो गई है। कार्यक्रम में उपस्थित आम आदमी पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष नरहरपुर जगदीश नेताम ने कहा कि सड़क के अभाव में न केवल भरीपारा बल्कि आसपास के गांवों के लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से बच्चों की शिक्षा पर इसका गंभीर असर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गांव दुधवा बांध से लगा हुआ है और बारिश के मौसम में तीन नाले पूरी तरह पानी में डूब जाते हैं। ऐसे हालात में बच्चे डोंगा के सहारे इन नालों को पार कर प्राथमिक शाला बिहावापारा पढ़ने के लिए जाते हैं, जो किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष दीपक कोडपी ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा की सरकारों ने वर्षों तक बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि आज भी गांव के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। सड़क, शिक्षा और राशन जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए ग्रामीणों को संघर्ष करना पड़ रहा है।



### जान डालते हैं जोखिम में

जिला उपाध्यक्ष अर्जुन ठाकुर ने साय सरकार पर तीखा निशाना साधते हुए कहा कि आज भी ग्रामीणों को चावल लेने के लिए नदी पार करनी पड़ती है। भरीपारा गांव से महज 6 से 7 किलोमीटर की दूरी तय करने में ग्रामीणों को जान जोखिम में डालनी पड़ती है। यह स्थिति सरकार की विकास नीतियों पर सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में गांव का संपर्क पूरी तरह कट जाता है। बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे कई बार वे पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं। बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना भी एक बड़ी चुनौती बन जाता है। चर्चा के दौरान विष्णु राम, शेख हकीम खान, सखाराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में जल्द से जल्द सड़क निर्माण की मांग की और चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आगे आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

## पालाचूर में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा महोत्सव का हर्षोल्लास के साथ आयोजन

# प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाया दमखम विजेताओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन ग्राम पालाचूर में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस खेल महोत्सव में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि किरण नरेटी ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेल जीवन में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल में हार और जीत दोनों ही जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से हैं, जिनसे बच्चों को सीख मिलती है। खेल महोत्सव के दौरान अनुशासन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलकूद से बच्चों में शारीरिक मजबूती के साथ-साथ मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में सरपंच शकुंतला नरेटी, उपसरपंच तामेश्वरी जैन, संकुल प्राचार्य अजय नेताम, एकलव्य प्राचार्य बैजनाथ नरेटी, पीटीआई हरीश नागराज, शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।



### स्पर्धाओं में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर लिया भाग

प्राथमिक वर्ग में 80 मीटर दौड़ बालक वर्ग में आनंद कुमार प्रथम, युवराज द्वितीय रहे। 100 मीटर दौड़ में आनंद कुमार प्रथम एवं इशांत द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में 80 मीटर दौड़ में हर्ष कुमारी प्रथम एवं रागनी मंडावी द्वितीय तथा 100 मीटर दौड़ में हर्ष कुमारी प्रथम एवं प्रिया नरेटी द्वितीय स्थान पर रहीं। आलू दौड़ बालक वर्ग में संजीव कुमार प्रथम, खुशांत द्वितीय एवं बालिका वर्ग में कुमारी चंचल प्रथम, कुमारी वंशिका द्वितीय रहीं। लंबी कूद बालक वर्ग में इशांत नाग प्रथम, रूपेश कुमार द्वितीय रहे। सामूहिक खेलों में प्राथमिक स्तर पर बालक कबड्डी में प्राथमिक शाला दुर्गूकोंदल प्रथम एवं प्राथमिक शाला पालाचूर द्वितीय रहे। खो-खो में सेजेस दुर्गूकोंदल प्रथम एवं प्राथमिक शाला पालाचूर द्वितीय रहे। बालिका वर्ग कबड्डी में प्राथमिक शाला गायतापारा खुटगांव प्रथम एवं प्राथमिक शाला पालाचूर द्वितीय तथा खो-खो में प्राथमिक शाला पालाचूर प्रथम एवं गायतापारा खुटगांव द्वितीय स्थान पर रहे।

माध्यमिक वर्ग में बालक 100 मीटर दौड़ में देवलाल प्रथम, दीपेश द्वितीय एवं 200 मीटर दौड़ में मनीष कुमार प्रथम, निर्मल कुमार द्वितीय रहे। बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में कुमारी आकांक्षा प्रथम, कुमारी मोनिका द्वितीय तथा 100 मीटर दौड़ में कुमारी संजना प्रथम, कुमारी गीता द्वितीय रहीं। गोला फेंक बालक वर्ग में जीत बैरागी प्रथम, प्रदीप नरेटी द्वितीय एवं बालिका वर्ग में कुमारी उमेश्वरी प्रथम, वेदिका यादव द्वितीय रहीं। लंबी कूद, ऊंची कूद एवं रिले रेस सहित कबड्डी, खो-खो व वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में भी विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने संकुल समन्वयक शंकर नागवंशी की मांग पर प्राथमिक शाला पालाचूर में अहाता निर्माण एवं चेकर टाइल्स शीघ्र लगाने की घोषणा कि। साथ ही ग्राम गायता निवासी सगराम नरेटी की मांग पर शीतला मंदिर में हैंडपंप खनन एवं अहाता निर्माण की मांग को भी शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

## पालकों और शिक्षकों की सहभागिता से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल



शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मदले में 22 जनवरी को मेगा पालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पालकों एवं शिक्षकों के बीच संवाद को सशक्त बनाना तथा छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक, मानसिक एवं शारीरिक दक्षता को बेहतर बनाना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालक, शिक्षक, शाला प्रबंध समिति के सदस्य एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

सम्मेलन के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण को नियमित रूप से कराने पर चर्चा की गई। साथ ही शाला में आयोजित होने वाले वार्षिक उत्सव की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।

विद्यालय में पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला के नियमित और सक्रिय उपयोग पर विशेष जोर दिया गया, ताकि विद्यार्थियों में पढ़ने की रुचि एवं प्रयोगात्मक ज्ञान का विकास हो सके। पालकों से अव्हान किया गया कि वे घर में बच्चों के लिए पढ़ाई का कोना बनाएं और प्रतिदिन बच्चों से शाला में पढ़ाए गए विषयों की जानकारी लें। छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पाठ्यक्रम की समय पर पूर्णता एवं उसके रिवीजन पर भी विस्तृत चर्चा की गई।सम्मेलन में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर शाला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने तथा उनके जीवन, राष्ट्रभक्ति एवं कार्यों पर परिचर्चा करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त किचन गार्डन निर्माण, ग्राम में स्वच्छता अभियान, बच्चों की छात्रवृत्ति के लिए ई-केवाईसी राशन दुकान से कराने तथा प्राथमिक शाला में शिक्षकों की कमी पर चर्चा कर समाधान निकालने के प्रयास किए गए।

इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के सदस्य कुंवर सिंह नायक, भावसिंह साहू, चोबादास मानिकपुरी, छविलाल शुभार्य, सहदेव नायक, शत्रुबन सुआर्य, फातिमा मानिकपुरी, वार्ड पंच शैल कोटपरिया, गोदावरी रावटे, प्रधान पाठक अरुण कुमार ध्रुव, नरेन्द्र कुमार उइके सहित शिक्षकगण, रसोइया, स्वीपर एवं मदले ग्राम के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## बाल यौन शोषण व पोक्सो कानून के जागरूकता कार्यक्रम में दिया संदेश

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखई में जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल यौन शोषण, जेंडर समानता तथा पोक्सो कानून 2012 के प्रति समाज, विशेषकर युवा पीढ़ी को जागरूक करना रहा।

प्रशिक्षण सत्र में ट्रेनिंग एसोसिएट पूर्णिमा मंडल शर्मा द्वारा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बताया कि बच्चों के साथ किया जाने वाला शारीरिक, मानसिक, यौनिक, भावनात्मक एवं डिजिटल स्तर का दुर्व्यवहार बाल शोषण की श्रेणी में आता है। अक्सर समाज में केवल शारीरिक या यौन शोषण को ही गंभीर माना जाता है, जबकि मानसिक और भावनात्मक शोषण भी बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक दुष्प्रभाव डालता है। शारीरिक, मानसिक, यौनिक, भावनात्मक एवं डिजिटल शोषण पर चर्चा की गई। साथ ही इसके व्यवहारिक, मानसिक एवं शारीरिक परिणामों को उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। बच्चों में उदासीनता, गुस्सा, अकेलापन, डर, नींद की कमी, पढ़ाई से ध्यान भटकना, शरीर पर चोट के निशान, बार-बार बीमार पड़ना, आत्म-नुकसान की प्रवृत्ति जैसे लक्षण बाल शोषण के संकेत हो सकते हैं, जिनकी समय रहते पहचान आवश्यक है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि ऐसी स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर तुरंत संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। युवाओं को यह संदेश दिया गया कि वे न केवल स्वयं जागरूक रहें, बल्कि अपने आसपास के बच्चों की सुरक्षा के लिए भी सजग भूमिका निभाएं। इसके साथ ही जेंडर समानता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि समान अधिकार, सम्मान और अवसर ही स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज की नींव हैं। कार्यक्रम के अंत में आंतरिक शिकायत समिति एवं चैतन्य वाइज संस्था के कार्यालयों की जानकारी भी साझा की गई। यह जन-जागरूकता कार्यक्रम ग्राम पंचायत सुखई में बाल संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## जिले के सभी ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन 23 से 28 तक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 में दिए गए प्रावधानों के तहत कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में 23 से 28 जनवरी तक ग्राम सभा आयोजन के लिए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर तथा समय-सारणी बनाकर ग्राम सभा का आयोजन किया जावे, एक ही तिथि में ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन न किया जाए। उन्हांने कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्राम सभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे एवं ग्राम सभा का आयोजन सही ढंग से हो सकेगा। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए ग्राम सभा आयोजन की जानकारी ग्राम पंचायत के प्रत्येक पदधारी सरपंच तथा पंचों को दी जाए, जो अपने क्षेत्र के सदस्यों को ग्राम सभा में उपस्थित कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। ग्राम पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा व मुनादी कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है। ग्रामसभा की कार्यवाही सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के बाद लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग कर वीडियो को ग्रामसभा निर्णय मोबाईल एप में अपलोड कर ग्रामसभा के गतिविधियों को वाइब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल एवं जीपीडीपी पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड कराकर निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन जिला कार्यालय को 30 जनवरी तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

- 15 मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य

## मनरेगा संकट पर कांग्रेस ने भरी हुंकार और निर्णायक लड़ाई का किया ऐलान



**चारामा।** ग्रामीण गरीबों की आजीविका और अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस ने एक बार फिर निर्णायक संघर्ष का ऐलान किया है। केंद्र सरकार की नीतियों से मनरेगा को कमजोर किए जाने के विरोध में चारामा ब्लॉक के ग्राम पंचायत तुएगहन में 21 जनवरी को मनरेगा बचाव संग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीणजन एकजुट नजर आए।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में चारामा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बीबीजी राम कानून को पूरी तरह वापस लेने तथा मनरेगा को पूर्ण रूप से बहाल करने की मांग रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत यादव, नरेंद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष हिरवेंद्र साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज, महेंद्र नायक, जनपद उपाध्यक्ष सत्तार खान, राजेंद्र सलाम, रानू, कमलेश सेन, विनोद साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण भारत के लिए जीवनरेखा है, जो न केवल रोजगार देता है बल्कि ग्रामीणों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार भी सुनिश्चित करता है। लेकिन वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा किए गए बदलावों से यह योजना गंभीर खतरे में है। नेताओं ने एक स्वर में मांग की कि मनरेगा में किए गए सभी बदलाव तत्काल वापस लिए जाएं, काम और मजदूरी की कानूनी गारंटी बहाल की जाए, तथा न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन निर्धारित की जाए। वक्ताओं ने केंद्र सरकार से अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण गरीबों के अधिकारों की रक्षा की जाए और मनरेगा को और अधिक मजबूत बनाया जाए।



### कोयलीबेड़ा में मनाई गई माता पहुंचानी

**कोयलीबेड़ा।** आदिवासी परंपराओं और लोग आस्था का प्रतीक माता पहुंचानी श्रद्धा विश्वास और उल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार माता पहुंचानी की परंपरा राजा महाराजाओं के समय से चली आ रही है। साल में एक बार मनाया जाने वाला यह पर्व ग्राम शीतला माता से जुड़ा हुआ है। विश्वास है कि जिस घर में माता का प्रवेश होता है, जिसे चेचक कहा जाता है, ऐसे में शीतला माता की पुजारी से पीड़ित को तीन दिवस तक सेवा पूजा अर्जी विनती कर तीसरे दिन नीम पत्ती को पानी में उबालकर उसी पानी से नहलाया जाता है। मान्यता है कि जिससे माता शांत हो जाती है, उस व्यक्ति को माता पहुंचने के दिवस वहां धोकर सफेद कपड़े पहनकर के माता की बारात में शामिल होकर गांव के बाहर पूजा स्थल जहां महुआ पेड़ पर गांव की पुजारी गायता माता बहन बुजुर्ग बच्चे पूरा जन समूह माता को हल्दी, तेल, नारियल, पूजा अर्चन कर अनुष्ठान किया जाता है।

## सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

# जेंडर समानता को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत विकास खंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल के बाजारपारा में जेंडर समानता एवं सामाजिक सशक्तिकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं चैतन्य वाइस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में व्याप्त लैंगिक असमानताओं, घरेलू हिंसा एवं पुरुष-महिला के बीच मौजूद भेदभावपूर्ण सोच को सकारात्मक विचारों में परिवर्तित करना रहा। हर महिला को सशक्त रुप से तैयार करना हर महिला को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे एवं बीपीएम नंदिनी दीवान के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण सत्र में जेंडर, ट्रेनिंग एसोसिएट पूर्णिमा मंडल शर्मा, द्वारा सहभागियों को विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों ने सरल भाषा और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से जेंडर समानता के महत्व को समझाया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जेंडर समानता केवल महिलाओं का विषय नहीं है, बल्कि पुरुष और महिला दोनों के लिए समान अधिकार, अवसर और सम्मान सुनिश्चित करने की प्रक्रिया है। घरेलू हिंसा, झूठे आरोप, सामाजिक दबाव, पारिवारिक असमानता और कार्यस्थल पर भेदभाव जैसे विषयों पर खुलकर चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने यह भी स्पष्ट किया कि कानूनों के साथ-साथ सोच में बदलाव ही स्थायी समाधान है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों को लिंक आधारित भेदभाव, सामाजिक रूढ़ियों और पारंपरिक मानसिकता को पहचानने तथा उन्हें सकारात्मक सोच में बदलने के उपाय बताए गए। सहभागियों को आपसी संवाद, सम्मान और सहयोग के माध्यम से सशक्त समाज निर्माण का संदेश दिया गया।



### नागरिकों को किया गया जागरूक

प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों को जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर जोर दिया। यह पहल दुर्गूकोंदल क्षेत्र में सामाजिक परिवर्तन और जेंडर समानता की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हो रही है। प्रशिक्षण के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहें।

## पेज 09 के शेष...

### रतेसरा में भीषण...

पहुंची। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने के लिए क्रेन और जेसीबी की मदद ली गई। कई घंटे की मशक्कत के बाद जब दोनों ट्रकों को अलग-अलग किया गया, तब जाकर तीन शव बाहर निकाले जा सके।

मृतकों की पहचानः जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनजेड 2288 में चालक 35 वर्षीय होरी लाल साहू और हेल्पर 36 वर्षीय अजय साहू सवार थे। दोनों मरदा गांव, थाना लवन, जिला बलौदाबाजार के निवासी थे और जगदलपुर से लकड़ी लोड कर रायपुर लौट रहे थे। वहीं दूसरे ट्रक क्रमांक सीजी 18 क्यू 6777 को इन्द्रजीत सिंह (46 वर्ष) चला रहे थे, जो रायपुर से कांकेर की ओर जा रहे थे। इस हादसे में तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### धान खरीदी केंद्र...

परिदान की और बारदाने की उपलब्धता की जानकारी ली गई। मौके पर उपस्थित डीएमओ को तत्काल धान उठाव का निर्देश दिया। केंद्र में खरीदी प्रभारी ऊदल राम साहू, सहायक खरीदी प्रभारी हरीश गोहिल, कंप्यूटर ऑपरेटर त्रिभुवन साहू, कृषक जागेश्वर जैन, नंदकुमार, सोन सिंह, फगनीबाई पुनाराम, रामेश्वर जैन, अजीत राम, भुवान सिंह सहित कई कृषक उपस्थित रहें।

### कांकेर में गूंजा...

निभाई। सेवा भाव से उन्होंने संसाधनों की व्यवस्था, प्रसाद सामग्री की उपलब्धता, स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सराहनीय सहयोग प्रदान किया। आयोजकों ने बताया कि समाज के सभी वर्गों के सहयोग और समर्पण से यह आयोजन न केवल भव्य रहा, बल्कि सुव्यवस्थित और प्रेरणादायक भी बना। यह कार्यक्रम कांकेर नगर में सामाजिक समरसता, धार्मिक आस्था और सामूहिक सहभागिता का एक सुंदर उदाहरण बनकर सामने आया।

## खबर संक्षेप

### यात्री बसों की सघन जांच जुर्माना व जब्ती की कार्रवाई



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में यातायात पुलिस एवं क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय आरटीओ द्वारा जिले में यात्री बसों की सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बसों में यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े आवश्यक मापदंडों की बारीकी से जांच की गई। जांच में अग्निशमन यंत्र, इमरजेंसी विंडो, दरवाजों की स्थिति तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों को परखा गया। अधिकारियों ने बस संचालकों को वाहनों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा लंबी दूरी की बसों में अनिवार्य रूप से दो चालकों की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं करने पर तीन बसों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया, वहीं बिना परमिट संचालित एक बस को जब्त किया गया। आरटीओ द्वारा सभी बस संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और इस प्रकार की जांच एवं कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### मनरेगा कोई योजना नहीं गरीबों का हक है: चंदन



**बस्तर।** आज भानपुरी ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तरीय जनसंपर्क पदयात्रा चपका से चलकर ग्राम कुम्हली पहुंची। इस दौरान मनरेगा पर हो रहे हमलों, काम के अवसरों में कटौती और मजदूरी भुगतान में हो रही देरी को लेकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों की सच्चाई जनता के सामने रखी गई। पदयात्रा का शुभारंभ ग्राम चपका से हुआ और कुम्हली बाजार स्थल में समापन हुआ। पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने समापन में संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं, गरीबों का हक है। इस हक पर हमला बर्दाश्त नहीं। कांग्रेस हर गांव, हर मज़दूर के साथ खड़ी है। और इसके लिए हम सड़क से लेकर सदन तक कि लड़ाई लड़ेंगे। इस दौरान ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष धनुर्जय नेताम, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष धर्मा पाढ़ी, निलय कश्यप, लखेश्वर कश्यप, बबलू बघेल, श्याम कुमारी ध्रुव, सावित्र यादव, श्रीधर कश्यप, रोमनाथ सिन्हा, रमेश पांडेय, नरेंद्र पांडेय, हेमलाल पाण्डे, कामेश्वर सिन्हा, शारदु भारती, सत्यकांत कश्यप, जोगी राम कश्यप, सोमारु कश्यप, मोसु कश्यप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202601140100012/अ-21 (2) /2025-26
ग्राम- संबलपुर प.ह.न. -06 संबलपुर

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम संबलपुर के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि प्रकरण आवेदकगण सौरभ कुमार साहा पिता स्व. प्रियोजित साहा व अन्य 02 जाति कायस्थ निवासी न्यू मार्केट डौंडी, तहसील डौंडी हालमुकाम इंदिरा कॉलोनी दल्लीराजहरा जिला बालोद की ओर से मुख्तियार आम सियाराम साहू पिता बिसाल राम साहू के द्वारा ग्राम संबलपुर स्थित अपने भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 113/61 रकबा 0.008 हेक्टर भूमि परिवर्तित लगान 1429.00 रूपये को पैसों की अत्यंत आवश्यकता होने पर अनावेदिका क्रेता जया साहू पिता अश्वनी साहू जाति तेली निवासी संबलपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास विक्रय करने हेतु 6,50,000/- (छहः लाख पचास हजार) रूपये में सौदा कर विक्रय अनुमति हेतु कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के समक्ष आवेदन करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6क) के तहत तथा (6ग) की कंडिका (एक) से (छः) के प्रावधान अनुसार जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेशी तिथि 30.01.2026 तक पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के पशचात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
भानुप्रतापपुर

# तनाव-मुक्त होकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के सफल नेतृत्व एवं जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के संयुक्त कार्यक्रम

- **बोर्ड परीक्षा से पूर्व तनाव-मुक्त हम होंगे कामयाब कार्यशाला हुआ**

बीजादूतीर के सहयोग से बोर्ड परीक्षा से पूर्व तनाव-मुक्त हम होंगे कामयाब कार्यशाला के आयोजन की शुरुआत की गई। यह कार्यशाला 20 से 5 फरवरी तक जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में आयोजित किए जाने



का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में 20 जनवरी को विकासखंड भैरमगढ़ के पीएम श्री शासकीय रेसिडेंशियल स्कूल पोटाकेबिन, नेलसनार तथा विकासखंड बीजापुर के हायर सेकेंडरी स्कूल पापनपाल में हम होंगे कामयाब कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा से पूर्व होने वाले मानसिक तनाव से मुक्त करना एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी हेतु प्रेरित करना था। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए ध्यान-योग, मेडिटेशन, उड़न-छू ताली, एनर्जाइज़र एवं खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से तनाव कम करने के प्रभावी उपाय बताए गए। छात्रों को समझाया गया कि परीक्षा केवल विषयों और पढ़ाई का स्व-मूल्यांकन है, जीवन का नहीं। अत्यधिक मानसिक तनाव परीक्षा की तैयारी को प्रभावित कर सकता है, इसलिए समय-सारिणी बनाकर योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई करने पर विशेष जोर दिया गया। तनाव से निपटने हेतु विद्यार्थियों को आईवीआर नंबर 8123922651 पर कॉल कर सहायता लेने की भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण, ब्लॉक समन्वयक भारत कारम, विनोद गावड़े तथा बीजादूतीर स्वयंसेवक ज्योति कड़ती एवं कुंदन वार्गेम द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। उन्होंने परीक्षा की बेहतर तैयारी, समय प्रबंधन एवं आत्मविश्वास बनाए रखने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### विभिन्न गतिविधियां कराई गईं

बोर्ड परीक्षा से पहले बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हम होंगे कामयाब थीम पर विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। विद्यार्थियों से सरल एवं सहज भाषा में संवाद करते हुए परीक्षा से जुड़ी आशंकाओं, डर के कारणों एवं उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने भी खुलकर अपनी भावनाए और चिंताएं साझा कीं। कार्यक्रम के अंत में परीक्षा के दबाव को कम करने एवं मन को शांत रखने के लिए मेडिटेशन कराया गया। साथ ही छोटे-छोटे खेल एवं ऊर्जावर्धक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को रिलैक्स करने का अवसर मिला। इन गतिविधियों के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों की एकाग्रता में वृद्धि, आत्मविश्वास में सुधार तथा मानसिक तनाव में कमी देखने को मिली। कार्यशाला के समापन पर विद्यार्थियों ने स्वयं को पहले से अधिक शांत, सकारात्मक एवं परीक्षा के लिए तैयार महसूस किया।

## विधायक ने केंद्र व राज्य सरकार पर साधा निशाना

# किसानों की उपेक्षा नहीं की जाएगी बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड/ घाटलोहंगा

मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत आज ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा में जनसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक लखेश्वर बघेल के ग्राम आगमन पर माता-बहनों ने स्वागत किया। जिससे पूरे गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

विधायक ने कहा कि मनरेगा कोई साधारण योजना नहीं, बल्कि गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण परिवारों का संवैधानिक

- **मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत छोटे देवड़ा में जनसभा**

अधिकार है। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार यूपीए सरकार द्वारा शुरू की गई जनहितकारी योजनाओं को नाम बदलकर लागू कर रही है और इससे गरीब जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस सरकार के समय मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सम्मानजनक रोजगार दिया गया, जिससे उनके परिवारों का भरण-पोषण संभव हुआ।




आज वही सरकार मनरेगा जैसी योजनाओं को कमजोर करने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि 125 दिनों में भुगतान देने की बात कर मजदूरों को भ्रमित किया जा रहा है, जबकि यह व्यवस्था मजदूरों के हक पर सीधा प्रहार है और उनके पेट पर लात मारने जैसा है। विधायक ने भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज ग्रामीण मजदूर, किसान और गरीब वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है मनरेगा को कमजोर करने का अर्थ है ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कमजोर करना इसी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी अंतिम गांव और अंतिम व्यक्ति तक जाकर संघर्ष कर रही है।

### धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात छोटे देवड़ा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छोटे देवड़ा लैम्पस में धान उठाव नहीं होने के कारण किसानों की परेशानियां सामने आईं किसानों ने टोकन नहीं कटने की शिकायत विधायक के समक्ष रखी। इस पर विधायक बघेल ने लेम्पस कर्मचारियों से सवाल-जवाब किया कर्मचारियों ने बताया कि हेक्टेयर एवं रकबा बढ़ जाने के कारण ऊपर से सीमित मात्रा में ही धान लेने के निर्देश मिले हैं। इस पर स्पष्ट निर्देश दिए कि बचे हुए किसानों के टोकन शीघ्र काटे जाएं, ताकि किसान भाइयों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और वे समय पर अपने कर्ज की भरपाई कर सकें। विधायक ने कहा कि किसान अन्नदाता है और उसकी उपेक्षा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी कांग्रेस पार्टी किसानों और मजदूरों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक मजबूती से लड़ती रहेगी। इस अवसर पर मानसिंह कवासी, हेमराज बघेल, वीरेंद्र सेठिया, कमलु राम, संतोष कश्यप, पूरन कश्यप, हेमंत कश्यप, राजेश कुमार,तुलसीराम ठाकुर,विजय भारती एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, किसान एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

# भद्रकाली मंदिर में तीन दिवसीय मेला समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत भद्रकाली में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां भद्रकाली मंदिर में तीन दिवसीय मेला समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन विशववसु नाम संवत्सर के अंतर्गत माघ शुक्ल चतुर्थी, पंचमी एवं षष्ठी तिथि को 22 जनवरी से 24 जनवरी तक भक्ति श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न होगा। मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा क्षेत्र के समस्त भक्तजनों से अपील की गई है कि वे मां भद्रकाली के पावन स्थल पर पधारकर दर्शन-पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित करें। गुरुवार को गौतम कुंड (गौतम ऋषि के तप स्थल) से पवित्र जल लाकर देवी स्नान, मंडपाच्छादन एवं घट स्थापना, देवी पूजन, लोकल नृत्य एवं चित्रपट का आयोजन। शुक्रवार को देवी पूजन एवं हवन पूर्णाहुति, रात्रि में लोकल नृत्य, चित्रपट आयोजन एवं आर्केस्ट्रा कार्यक्रम व शनिवार को देवी पूजन, बोनालू देवी नृत्य, मन्नतें, मेला समारोह का समापन होगा। मंदिर समिति की ओर से तीन दिनों तक समस्त भक्तजनों हेतु निःशुल्क भोजन व्यवस्था की गई है।

इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासी भद्रकाली सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। मेला समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। भद्राकाली मेला में विशेष आकर्षण का क्षेत्र तीनों नदियों का मनोरम सुंदर गौतम कुंड एवं पहाड़ों के बीच नदियों का संगम होना सौंदर्य का आकर्षण रहता है।

इस मेले में छत्तीसगढ़ के अलावा तेलंगाना महाराष्ट्र के खेल खिलौने दुकान मिठाई के दुकान पहुंचते हैं और तीनों राज्यों के भक्तगण श्रद्धा भक्ति के साथ इस पवन दार्शनिक स्थल पहुंचकर मां भद्रकाली का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# खनन क्षेत्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**एनएमडीसी प्रबंधन के खनन कार्यों में सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण व क्षेत्रीय विकास पर दिया जोर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज जिले के प्रमुख लौह खनन क्षेत्र किरंदुल का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खनन गतिविधियों की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा खनन से प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों का गहनता से जायजा लिया।

निरीक्षण का उद्देश्य खनन कार्यों को सुरक्षित, पर्यावरण-संवेदनशील एवं क्षेत्रीय विकास के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करना रहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने डिपॉजिट 14, 13 तथा 11 सी-11 बी क्षेत्र का अवलोकन किया। उन्होंने खनन एरिया स्थित क्रशिंग प्लांट, वेस्ट मटेरियल डंपिंग क्षेत्र एवं आयरन ओर लोडिंग प्लांट का निरीक्षण कर एनएमडीसी प्रबंधन से खनन प्रक्रियाओं, सुरक्षा उपायों तथा संचालन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा



कि खनन गतिविधियों का संचालन पर्यावरणीय नियमों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप किया जाना अनिवार्य है।

उन्होंने खनन क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा, दुर्घटना रोकथाम तथा आपात स्थिति से निपटने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी प्रकार की आकस्मिक आपदा की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाकर जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा। निरीक्षण के दौरान एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा पीपीटी के माध्यम से खदानों एवं पट्टों की जानकारी, खनन क्षेत्र व प्रक्रियाओं का संक्षिप्त अवलोकन, सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी पहल, एनएमडीसी के सीएसआर कार्य, सामाजिक दायित्व के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यों तथा प्राप्त पुरस्कार एवं सम्मानों की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, डीएफओ रंगानाधा रामाकृष्णा वाय सहित एनएमडीसी प्रबंधन, फारेस्ट के अधिकारी मौजूद थे।

# राज्य स्तरीय मोटीवेटरों ने बोर्ड परीक्षा के लिए विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन



**कांकेर।** हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत जिले के 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा के शत प्रतिशत परिणाम के लिए जिला प्रशासन के अभिनव पहल के द्वारा 20 से 23 जनवरी तक राज्य स्तरीय मोटीवेटर सानिया सेन एवं करिश्मा वर्मा के माध्यम से विभिन्न शालाओं के 10 वीं एवं 12 वीं में बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष सम्मिलित होने वाले बच्चों को एक संकुल विद्यालय में एकत्रित कर राज्य स्तरीय टीम के द्वारा मोटिवेशन क्लास लगाकर उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लट्टी पारा कांकेर में 22 जनवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इच्छापुर, हाई स्कूल बरदेभाटा, हाई स्कूल इरादाह, हाई स्कूल कन्या आश्रम सिंगरभाट, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आतुरगांव, हाई स्कूल दासपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगरभांट, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस पटोद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसवाड़ा एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के 10 वीं और 12 वीं में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सैकड़ों बालक बालिकाओं को मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से उनके तनाव को दूर करने, समय प्रबंधन, एवं परीक्षा के भय के वातावरण को दूर करने जैसे टॉपिक पर सानिया शेख एवं करिश्मा वर्मा ने चर्चा कर उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से बच्चों में नई जागरूकता पैदा होगी और बेहतर परिणाम देकर 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

# ग्रामीणों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

दरभा के साप्ताहिक बाजार में पुलिस थाना दरभा और यातायात पुलिस के द्वारा यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह महत्वपूर्ण संदेश के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन थाना प्रभारी चाणक्य नाग के मार्गदर्शन में हुआ। सड़क सुरक्षा माह रथ साप्ताहिक बुधवार बाजार दरभा पहुंचा। जहां पुलिस की संयुक्त टीम एवं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह रथ ने बाजार में आए ग्रामीणों की यातायात नियमों की जानकारी दी। साप्ताहिक बाजार में उपस्थित ग्रामीणों को राष्ट्रीय




सड़क सुरक्षा माह रथ के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। वहीं थाना प्रभारी ने इस बात पर जोर दिया कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग कि जिम्मेदारी नहीं हैं बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य हैं। उन्होंने बताया कि सावधानी हटी, दुर्घटना घटी, केवल एक नारा नहीं बल्कि जीवन का मंत्र होना चाहिए। यातायात नियमों से संबंधित पोस्टर बांटकर लोगों को जागरूक किया गया। दरभा पुलिस एवं यातायात पुलिस टीम के द्वारा बाजार स्थल में आए ग्रामीणों को पोस्टर और पॉकेट डायरी का वितरण किया। साप्ताहिक बाजार दरभा में पहुंचे दुपहिया वाहन और मोटर साइकिल यात्रियों के वाहनों में सड़क सुरक्षा पोस्टर लगाकर यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह रथ के माध्यम से यातायात जागरूकता के दौरान ग्रामीणों को नशा मुक्ति, साइबर अपराध, बच्चों व महिला अपराध की भी जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### अंडर-15 व अंडर-19 महिला क्रिकेटरों का ट्रायल कल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार महिला अंडर-15 एवं अंडर-19 क्रिकेटरों का ट्रायल बस्तर जिले में आयोजित किया जा रहा है। जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में यह ट्रायल 24 जनवरी को प्रातः 9 बजे से लालबाग क्रिकेट मैदान में लिया जाएगा। ट्रायल में जिले की प्रतिभावान महिला क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। अंडर-15 वर्ग में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगी जिनकी जन्मतिथि 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के मध्य हो, जबकि अंडर-19 वर्ग के लिए कट-ऑफ तिथि 1 सितंबर 2007 निर्धारित की गई है। इच्छुक खिलाड़ी अपना पंजीयन टोनी बारला के माध्यम से या जिला क्रिकेट संघ से संपर्क कर करा सकती हैं। प्रारंभिक ट्रायल में चयनित खिलाड़ी बुधवार को प्रातः 9 बजे से कोंकेर नवागांव क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित अगले चरण के ट्रायल में भाग लेंगी।

# सड़क सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

36वें सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत थाना किरंदुल एवं परिवहन विभाग, जिला दंतेवाड़ा द्वारा संयुक्त रूप से किरंदुल थाना परिसर में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य दूर-दराज एवं आंचलिक क्षेत्रों में निवासरत आम नागरिकों को परिवहन संबंधी सेवाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराना रहा। शिविर में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। ग्रामीण एवं सुदूर



अंचलों से आए युवाओं और वाहन चालकों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। लाइसेंस से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं को सरल बनाते हुए मौके पर ही मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

इस अवसर पर नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, गति सीमा के पालन, नशे की अवस्था में वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों के महत्व की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों के पालन से सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। स्थानीय नागरिकों ने थाना किरंदुल एवं परिवहन विभाग की इस संयुक्त पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों के आयोजन से समय और संसाधनों की बचत होने के साथ-साथ दूर शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

# सोलर लाइटें बंद, अंधेरे में डूबा केशलूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोकापाल

तोकापाल मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर में केशलूर चौक में पिछले लंबे समय से सोलर स्ट्रीट लाइटों के खराब होने के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस

- **आक्रोशित ग्रामीणों ने क्रेडा को सौंपा ज्ञापन**

समस्या के निराकरण हेतु आज अभिषेक डेविड के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों के साथ क्रेडा विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द सुधार कार्य शुरू करने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर सौर ऊर्जा लाइटें तो लगवा दी,





लेकिन उनके उचित रखरखाव की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वर्तमान में अधिकांश लाइटें शो-पीस बनकर रह गई हैं। रात होते ही गांव की गलियां अंधेरे में डूब जाती हैं, जिससे बुजुर्गों और बच्चों को पैदल चलने में परेशानी होती है। केशलूर चौक में आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओड़िसा से भारी ट्रकों का आगमन होता है जो चौक छोटी होने के चलते लाइट कि बहुत ही ज्यादा आवश्यकता होती है और पंचायत भी ध्यान नहीं देता, ना ही कोई प्रशासन अधिकारी। इस चौक में कोई बड़ी घटना का इंतजार होने पर सुधारा जायेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान नकुल मौर्य, गौरव दास, रोशन राज, लक्ष्मण सहित भारी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

क्रेडा अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही तकनीकी टीम भेजकर लाइटों का निरीक्षण और मरम्मत कराई जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर लाइटें ठीक नहीं हुईं, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मुख्य वन संरक्षक ने नेचर पार्क का किया निरीक्षण और दिए निर्देश

**कांकेर।** क्षेत्र की जैव विविधता के संरक्षण और आमजन को प्रकृति से जोड़ने के उद्देश्य से विकसित किए जा रहे भानुप्रतापपुर वन परिक्षेत्र स्थित नेचर पार्क का गुरुवार 22 जनवरी को मुख्य वन संरक्षक राजेश कुमार चंदेले ने निरीक्षण करते हुए नाराजगी भी जताया। इस दौरान उन्होंने पार्क को और अधिक सुंदर, सुरक्षित एवं सुविधायुक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीसीएफ ने पार्क की मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए चारों ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण, सुव्यवस्थित वॉकिंग पाथवे तैयार करने तथा रंग-बिरंगे फूलों व औषधीय पौधों के रोपण पर विशेष जोर दिया, अभी तक खर्च किए गए राशि की जानकारी लिया, जिसके तहत कार्य नहीं होने पर नाराजगी भी जताया। उन्होंने कहा कि नेचर पार्क को इस तरह विकसित किया जाए कि यहां आने वाले लोगों को शांति, स्वच्छ वातावरण और प्राकृतिक अनुभूति मिल सके।

## निधन

### गोंदाय बाई नरेटी

**दुर्गूकोंदल।** ग्राम कोदापाखा निवासी 73 वर्षीय गोंदाय बाई नरेटी का 22 जनवरी दोपहर 1 बजे शासकीय कोमलदेव अस्पताल कांकेर में आकस्मिक निधन हो गया। वे 11 जनवरी से अस्वस्थ चल रही थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। वे बड़े पुत्र चंपालाल नरेटी, संपत नरेटी, संतलाल नरेटी, कांतिलाल नरेटी की माताजी तथा पूर्व सरपंच अनुपा नरेटी की सासू मां थी। उनके निधन से परिवार एवं ग्राम में शोक की लहर है।



# वंदे मातरम की वर्षगांठ पर कोसरोंडा में लगा नागरिक कल्याण शिविर

## एसएसबी ने लगाया निःशुल्क मानव एवं पशु उपचार शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

28 वीं वाहनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोसरोंडा में वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर एवं पशु उपचार व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। सशस्त्र सीमा बल के सुरेश कुमार ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, त्याग और सेवा की भावना का प्रतीक है। इसकी 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित यह निःशुल्क मानव एवं पशु चिकित्सा शिविर सशस्त्र सीमा बल की उस जनसेवी परंपरा को दर्शाता है, जिसके अंतर्गत बल न केवल देश की सुरक्षा करता है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य एवं कल्याण की सुविधाएं पहुंचाने हेतु भी निरंतर ...र्य करता हमीण क्षेत्रों में मानव एवं पशु स्वास्थ्य का ...धा संबंध आजीविका, पोषण एवं समग्र विकास से है। ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधा, स्वास्थ्य जागरूकता एवं परामर्श उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वस्थ शरीर और संतुलित जीवनशैली ही सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र की आधारशिला है। संतुलित खानपान, स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा पशुओं की समय-समय पर देखभाल से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से इन आदतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। शिविर के दौरान 224 पशुओं का उपचार किया गया। साथ ही 59 ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं।

**224 पशुओं का उपचार, 59 ग्रामीणों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण**



### ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर की सहभागिता

चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गई। इस शिविर में आसपास के ग्राम कोसरोन्डा, हुरतरी, सावलीवरस, रेखाभाट, पत्कालबेड़ा, ताड़ोकी एवं तुमापाल के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता किया।

## मनरेगा बचाओ अभियान के तहत निकाली यात्रा और आगामी पदयात्रा की रूपरेखा तय की

# कांग्रेस की मंडल स्तरीय पदयात्रा से संगठन को मिलेगी मजबूती व ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा बचाओ अभियान के तहत नरहरपुर ब्लाक में मंडल स्तरीय पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को सरोना ब्लाक कांग्रेस कमेटी नरहरपुर की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई, जिसमें सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में आगामी पदयात्रा की रूपरेखा तय की गई और सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्यक्रम में भाग लेने का आव्हान किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मनरेगा बचाओ अभियान के अंतर्गत नरहरपुर ब्लाक के सभी मंडलों के विभिन्न ग्रामों में मंडल स्तरीय पदयात्रा निकाली जाएगी। इस पदयात्रा का उद्देश्य मनरेगा योजना को लेकर जनजागरूकता फैलाना तथा आम जनता को रोजगार से जुड़े अधिकारों के प्रति सचेत करना है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा जैसी जनहितकारी योजना को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ यह अभियान चलाया जा रहा है। बताया गया कि मंडल स्तरीय पदयात्रा बुधवार से आरंभ हो चुकी है और यह अभियान 21 से 29 जनवरी तक लगातार चलेगा। इस दौरान नरहरपुर ब्लाक के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों के विभिन्न ग्रामों में कांग्रेस कार्यकर्ता पदयात्रा करेंगे और ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार 21 जनवरी को बादल, सुरही, देवगांव एवं राजपुर ग्रामों में पदयात्रा निकाली गई। 22 जनवरी को चंवड़, ढेकुना, चरभट्ठी, भर्रीटोला, कोहकाटोला एवं अमोड़ा मंडल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 23 जनवरी को बदबनी, सुरही मंडल तथा मानिकपुर, कन्हनपुरी ग्रामों में पदयात्रा का आयोजन किया गया। 24 जनवरी को सोनपुर, ठेमा, लेंडारा, बरकई साल्हेभाट, सरोना मंडल, दुधावा मंडल तथा थानाबोड़ी, डुमरपानी, आंखीहर्रा नरहरपुर मंडल में पदयात्रा निकाली गई। 29 जनवरी को धनेसरा, अभनपुर एवं बुदेली मंडल में अभियान का समापन किया जाएगा। बैठक में ब्लाक कांग्रेस कमेटी नरहरपुर के अध्यक्ष रोहिदास शोरी ने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अनुशासन और एकजुटता के साथ इस अभियान में शामिल हों, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों की जीवनरेखा है।



### मनरेगा बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस ने कसी कमर

**भानुप्रतापपुर।** प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे मनरेगा बचाओ अभियान को और अधिक प्रभावी व गतिशील बनाने के लिए भानुप्रतापपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने हुंकार भर दी है। गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मंडल अध्यक्षों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें अभियान की सफलता को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 30 जनवरी तक ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक मनरेगा कार्यस्थल पर कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इस दौरान ग्रामीणों और मनरेगा मजदूरों से सीधा संवाद कर उन्हें उनके अधिकारों और अभियान के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। मंडल अध्यक्षों को उनके संबंधित क्षेत्रों के लिए विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।



## देवीनवागांव में युवक की हत्या मामले में परिजनों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर क्षेत्र के बिरनपुर गांव से सामने आए एक सनसनीखेज मामले में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर मृतक के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। नरहरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बिरनपुर निवासी मृतक मोहरगंज शोरी पिता लच्छूराम शोरी के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर न्याय की मांग की है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि मामले की जांच सही दिशा में नहीं हो रही है, इसलिए हल्बा चौकी प्रभारी को जांच से मुक्त कर किसी वरिष्ठ अधिकारी को जांच सौंपी जाए। मृतक के पिता लच्छूराम शोरी ने एसपी के नाम दिए आवेदन में बताया कि 18 जनवरी को ग्राम बिरनपुर निवासी किशन मंडावी पिता बलदेव मंडावी ग्राम देवीनवागांव के मेला घूमने गया था। मेले में झूला मालिक जगेश सिंहा पिता नामूल के झूले में झूला कर्मियों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि झूला कर्मियों ने किशन मंडावी को मेला परिसर में दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। घटना के बाद घायल अवस्था में किशन मंडावी ने अपने दोस्तों हिमांशु मरकार, अभिषेक मंडावी, पंकज नेताम और मोहरगंज शोरी को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद सभी युवक समझौता कराने के उद्देश्य से देवीनवागांव में झूला कर्मी युवराज जुर्री के घर पहुंचे, वहां युवराज जुर्री और उसके भाई दिनेश जुर्री से बातचीत के दौरान फिर विवाद हो गया। आरोप है कि दिनेश जुर्री ने अपनी पत्नी से हथियार लाने की बात कही, वहीं युवराज जुर्री ने फोन कर लगभग पांच अन्य झूला कर्मी दोस्तों को मौके पर बुला लिया। इसी दौरान आरोपियों ने मोहरगंज शोरी के साथ बेरहमी से मारपीट की और उसे घर के अंदर बंद कर दिया।

परिजनों का आरोप है कि करीब साढ़े तीन बजे मोहरगंज शोरी को नाव में डालकर करीब ढाई किलोमीटर दूर ले जाया गया, जहां उसके साथ बर्बरता पूर्वक जघन्य अपराध को अंजाम दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले को लेकर परिजनों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने मांग की है कि हल्बा चौकी प्रभारी को तत्काल जांच से हटाया जाए।



## श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर भव्य रामजन्म उत्सव रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्सी में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ एवं रामजन्म उत्सव के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर ग्रामवासियों एवं युवाओं के संयुक्त प्रयास से भव्य रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।रैली का शुभारंभ भगवान श्रीराम के चित्र एवं ध्वज के साथ किया गया। जय श्रीराम, रामलला हम आए हैं जैसे गगनभेदी नारों से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में डूब गया। रैली में नीरज रावटे, हरकनाथ यादव, बबलू जैन, चेतन जैन, लक्ष्मण सेन, चमरसिंह जैन सहित अन्य युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीणों, महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। इस अवसर पर श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। बताया गया कि प्राण प्रतिष्ठा वह पवित्र वैदिक विधि है, जिसके माध्यम से मंदिर में स्थापित मूर्ति में दिव्य चेतना का आह्वान किया जाता है। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने पूरे देश में धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को नया आयाम दिया है। उसी स्मृति में प्रतिवर्ष रामजन्म उत्सव श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। रैली का उद्देश्य सनातन संस्कृति, धार्मिक मूल्यों और सामाजिक एकता का प्रचार-प्रसार करना रहा। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन एवं रामधुन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। यह आयोजन ग्राम पंचायत कोड़े कुसी में धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा 01 फरवरी को अभ्यर्थियों के लिए दिशा-निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- दो पालियों में होगी परीक्षा
- ड्रेस कोड व समय पालन को लेकर व्यापम ने जारी किए सख्त निर्देश

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 01 फरवरी को शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। शिक्षक पात्रता परीक्षा में प्रथम पाली में प्राथमिक कक्षाओं के अध्यापन के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें राज्य के लगभग 01 लाख 19 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में माध्यमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग 02 लाख 05 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षा 20 जिलों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे।

व्यापम द्वारा अभ्यर्थियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किया गया है, जिसके अनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेने की सलाह दी गई है, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 02 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के लिए कहा गया है, ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9.30 बजे से प्रारंभ होगी, इसलिए मुख्य द्वार प्रातः 09 बजे बंद कर दिया जावेगा। इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 03 बजे से प्रारंभ होगा, अतः मुख्य द्वार दोपहर 2.30 बजे बंद कर दिया जाएगा।

### ड्रेस कोड को लेकर निर्देश

परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपडे पहनकर परीक्षा देने आने कहा गया है। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर, बिना पॉकेट की अनुमति होगी। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर के लिए हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने के उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनने के निर्देश है, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। व्यापम द्वारा मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए कांकेर जिले में प्रथम पाली में 19 परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे, जिसमें 04 हजार 674 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसी प्रकार द्वितीय पाली के लिए 32 परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा, जिसमें 07 हजार 361 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

## सड़क सुरक्षा पर सरोना पुलिस अलर्ट हेलमेट चेकिंग से बढ़ी जागरूकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

सड़क पर एक छोटी-सी लापरवाही, जिंदगी भर का पछतावा बन सकती है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से थाना सरोना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस लगातार सक्रिय नजर आ रही है। इसी कड़ी में आज जन विज्ञान केन्द्र मुड़पार के पास सरोना थाना पुलिस द्वारा विशेष हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसने वाहन चालकों का ध्यान सुरक्षा की ओर खींचा।

अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को रोका गया। जहां एक ओर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई, वहीं दूसरी ओर पुलिस ने उन्हें यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक भी किया। इस विशेष अभियान की निगरानी स्वयं अतिरिक्त पुलिस थाना प्रभारी गोपाल नेताम ने मौके पर मौजूद रहकर की। उन्होंने वाहन चालकों को समझाइश देते हुए कहा कि हेलमेट पहनना केवल कानून का पालन नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का सबसे मजबूत कवच है। सड़क दुर्घटनाओं में अधिकतर मौतें सिर में गंभीर चोट लगने के कारण होती हैं, जिन्हें हेलमेट पहनकर काफी हद तक रोका जा सकता है। पुलिस द्वारा अभियान के दौरान चालकों को अन्य महत्वपूर्ण यातायात नियमों की भी जानकारी दी गई, जिनमें निर्धारित गति सीमा का पालन, बिना लाइसेंस वाहन न चलाना, शराब पीकर वाहन न चलाना तथा मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन न चलाने जैसे नियम प्रमुख रहे। इस अवसर पर लक्ष्मी शोरी, अभिशेख मिल एवं अभिषेक दुगा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने में सहयोग किया। अभियान के दौरान कुछ समय के लिए क्षेत्र में यातायात नियंत्रित रहा, जिससे चेकिंग प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सकी।

सरोना थाना पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े। पुलिस प्रशासन ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें, हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें और अपनी व अपने परिवार की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

### एनएमडीसी के मुख्य गेट पर कांग्रेस का धरना

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस ने आज नगरनार में एनएमडीसी स्टील प्लांट के मुख्य गेट के सामने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेसियों ने वादाखिलाफी का आरोप लगाते मांगों को पूरा करने की बात कही।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**अब तक एक भी ट्रक धान का उठाव नहीं**

# धान उठाव नहीं होने से किसान परेशान मंडी परिसर में जगह का गंभीर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

तहसील सरोना अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति घोटीयावाही में संचालित धान उपार्जन केंद्र में धान उठाव नहीं होने के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खरीदी शुरू हुए कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक केंद्र से एक भी ट्रक धान का उठाव नहीं हो सका है। इससे मंडी परिसर में अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई है और धान रखने की जगह पूरी तरह भर चुकी है।

समिति प्रबंधक रामदेव कुंजाम ने जानकारी देते हुए बताया कि जब से धान खरीदी प्रारंभ हुई है, तब से लेकर अब तक एक भी ट्रक धान का उठाव नहीं किया गया है। इसके चलते मंडी परिसर में धान का भंडारण लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि अब परिसर में धान रखने की जगह पूरी तरह पैक हो चुकी है और नए किसानों का धान तौलने व रखने में भारी दिक्कतें आ रही हैं। अभी भी बड़ी संख्या में किसान धान बेचने के लिए केंद्र पहुंच रहे हैं, लेकिन जगह के अभाव में उनका धान खरीदा नहीं जा पा रहा है। कई किसान सुबह से लेकर शाम तक मंडी परिसर में इंतजार करने को मजबूर हैं। धान का उठाव नहीं होने से न केवल समिति प्रबंधन बल्कि किसान भी असमंजस की स्थिति में हैं। धान उठाव की प्रक्रिया समय पर नहीं होने से किसानों में नाराजगी देखी जा रही है। किसानों का कहना है कि उन्होंने शासन के निर्देशानुसार पंजीयन कराकर धान की फसल तैयार की है, लेकिन अब केंद्र में अव्यवस्था के कारण उन्हें बार-बार लौटना पड़ रहा है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ रही है। मंडी परिसर में जगह की कमी के चलते धान खुले में रखने की नौबत आ रही है, जिससे धान के खराब होने की आशंका भी बढ़ गई है। यदि मौसम खराब होता है या बारिश होती है, तो किसानों को बड़ा नुकसान हो सकता है।



किसानों ने मांग की है कि जल्द से जल्द धान उठाव की व्यवस्था की जाए, ताकि उनकी उपज सुरक्षित रह सके। स्थानीय किसानों और समिति प्रबंधन ने प्रशासन से मांग की है कि घोटीयावाही धान उपार्जन केंद्र से शीघ्र धान का उठाव शुरू कराया जाए और अतिरिक्त भंडारण व्यवस्था की जाए। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।




23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411